हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
18 अगस्त 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी दलों पर विदेशी अंशदान विनियमन संशोधन विधेयक को लेकर वोट बैंक की राजनीति के लिए गलत सूचना फैलाने के आरोप लगाया।
- भारतीय जनता पार्टी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान काँग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का अपमान करने के लिए काँग्रेस की आलोचना की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उच्च अधिकार क्रय समिति की बैठक में 26 हजार 161 बिजली ट्रांसफॉर्मर की खरीद को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा – भारत-यूनाइटेड किंगडम व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते से हरियाणा के उद्योगों को बड़ा लाभ होगा।
- हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा- जल्द हरियाणा रोड़वेज का मोबाईल एप जारी होगा और लगभग 700 कंडक्टर भर्ती किए जाएंगे।

*****************************************************************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी दलों पर विदेशी अंशदान विनियमन संशोधन विधेयक को लेकर वोट बैंक की राजनीति के लिए गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। एक निजी समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि विपक्ष ने बहुत झूठ फैलाया है और इस तरह की झूठी बातें फैलाकर राजनीति करना सरासर गलत है।

*<u>पूरा झूठ फैलाया देश भर में कि एफसीआरए जो है क्रिश्चियन मिशनरी पर टारगेट किया जा रहा है जबकि क्रिश्चियन मिशनरी का टोटल इंडिया का जो फॉरेन कंट्रीब्यूशन आते हैं वह 16% है बाकी तो सब हिंदू का है, तो प्रोटेस्टक ज्यातदा करना है तो हिंदू लोग करना चाहिए सबसे ज्यादा तो हिंदू का है। देखिए इस तरह का झूठे बातें फैलाकर राजनीति करना बिल्कुल ठीक नहीं है।</u>*

श्री रिजिजू ने कहा यह विधेयक विदेशी धन प्रवाह में पारदर्शिता लाएगा और अब सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने कहा कि विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजना एक उत्कृष्ट निर्णय है।

*********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का अपमान करने के लिए कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी राष्ट्रगीत का सम्मान नहीं कर सकती, तो उसे स्वतंत्रता आंदोलन के संरक्षक होने का दावा करना बंद कर देना चाहिए।

*24 जनवरी 1950 को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने घोषणा की जन-गण-मन राष्ट्रीय गान, वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत। यह डॉ राजेंद्र प्रसाद तो कांग्रेस के ही थे ना। तो यह नया बदलाव किया गया कभी यह उम्मीद नहीं थी कि प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट टू द नेशनल ऑनर्स एक्ट जो बना 1971 में, किसने बनाया कांग्रेस सरकार इंदिरा गांधी प्राइम मिनिस्टर थीं। उसमें क्या कहा गया तिरंगा हो जन-गण-मन हो इसका कोई इंसल्ट करेगा तो तीन साल की सजा हो जाएगी।*

श्री प्रसाद ने कहा कि कल जब कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गोवा गए थे, तब भी पार्टी के कार्यक्रम में वंदे मातरम के केवल दो ही छंद गाए गए।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा निवास में हुई उच्च अधिकार प्राप्त क्रय समिति की बैठक में प्रदेश की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 26 हजार 161 ट्रांसफार्मर की खरीद को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम व उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम में कार्यरत लाइनमैन व सहायक लाइनमैन की सुरक्षा के लिए 5000 से 7500 की संख्या में टी एंड पी किट की खरीद और 81 करोड़ रुपये की लागत से जीआईएस-बे के निर्माण कार्य को भी स्वीकृति दी गई।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जहां जरूरत हों वहां पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर्स उपलब्ध करवाए जाएं और एमरजेंसी के लिए भी सभी बिजली निगमों के पास पर्याप्त बैकअप मौजूद हो।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि भारत-यूनाइटेड किंगडम व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते -सीईटीए से देश के सभी राज्यों, विशेषकर हरियाणा के उद्योगों को काफी लाभ मिलेगा।15 जुलाई से लागू इस समझौते के तहत भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात को यूके के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे हरियाणा के उद्योगों, सूक्ष्म, लघु एंव मध्यम उद्यमों किसानों, निर्यातकों तथा सेवा क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि समझौते के तहत जिन प्रमुख क्षेत्रों को लाभ मिलने की संभावना है, उनमें कपड़ा एवं परिधान, चमड़ा एवं जूता उद्योग, रत्न एवं आभूषण, रसायन, इंजीनियरिंग उत्पाद, ऑटो पार्ट्स, मशीनरी, दवा , प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प एवं सिरेमिक उत्पाद प्रमुख हैं। इस समझौते से पहले इन उत्पादों पर 4 से 70 प्रतिशत तक शुल्क लगता था। अब इन क्षेत्रों के उत्पादों को यूके में शून्य शुल्क पहुंच मिलने से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी जिसका सीधा लाभ हरियाणा को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था को देखते हुए इस समझौते के तहत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए यूके का बाजार महत्वपूर्ण अवसर बनकर उभरा है। यूके ने इस समझौते के तहत लगभग सभी भारतीय कृषि निर्यातों के लिए शुल्क-मुक्त बाजार उपलब्ध कराया है, जबकि कुछ संवेदनशील उत्पादों को अपवाद के रूप में रखा गया है।

इससे हरियाणा में फल-सब्जियों, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, मसालों, अनाज से जुड़े मूल्यवर्धित उत्पादों तथा अन्य कृषि-आधारित उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे किसानों के साथ-साथ किसान उत्पादक संगठनों , कृषि-प्रसंस्करण इकाइयों और सूक्ष्म, लघु एंव माध्यम उद्यमों को भी लाभ पहुंचने की संभावना है।

***************************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अगले एक माह के भीतर हरियाणा रोडवेज का मोबाइल ऐप लॉन्च किया जाएगा। इसके अलावा, हरियाणा रोडवेज में लगभग 700 कंडक्टर भर्ती किए जाएंगे तथा राज्य में 500 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी।

श्री विज ने आज चंडीगढ़ में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह जानकारी दी। श्री विज ने बताया कि उन्होंने मोबाइल ऐप देखने के बाद इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक मॉड्यूल जोड़ने को कहा गया है। ताकि ऐप में "निर्धारित समय पर निर्धारित बस अड्डे या बस स्टॉप पर बस के पहुंचने की जानकारी", बसों के "अनधिकृत स्थानों पर ठहराव की जानकारी" तथा अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों । श्री विज ने कहा कि अधिकारियों को ऐप को "हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी", तीनों भाषाओं में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

श्री विज को बताया कि विभाग में करीब 700 कंडक्टर पदोन्नत किए जाने हैं और उनके स्थान पर जल्द ही 700 नए कंडक्टर भर्ती किए जाएंगे। अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा रोडवेज इंजीनियरिंग निगम के माध्यम से 125 साधारण बसें भी तैयार की जा रही हैं।

*************************************************************************

यूजीसी अधिनियम 2026, का स्वर्ण समाज द्वारा विरोध किया जा रहा है। पानीपत से शुरू हुई यूजीसी रोलबैक पद यात्रा कल कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। विरोधियों का कहना है कि यह ऐसा कानून है जिससे समाज में आपसी भाईचारा खराब होगा। यह कानून सर्वोच्च अदालत में विचाराधीन है।

*************************************************************************

हरियाणा के उद्योग और वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा में निवेश के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित करने के मकसद से 23 और 24 अगस्त को मुंबई में 'हैपनिंग हरियाणा' रोड शो आयोजित किया जाएगा। इस रोड शो के ज़रिए निवेशकों को हरियाणा की औद्योगिक क्षमता, मजबूत बुनियादी ढांचे और निवेश को आसान बनाने के लिए दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

श्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि रोड शो का मुख्य मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के विज़न में हरियाणा की भूमिका को दिखाना और राज्य को एक बड़े औद्योगिक और निवेश केंद्र के तौर पर पेश करना है।

उद्योग मंत्री ने कहा कि हरियाणा ने हाल ही में अपनी औद्योगिक नीति में अहम बदलाव किए हैं और एक नई सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम -MSME नीति भी लागू की है। इन नीतियों के तहत, 2030 तक सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम सेक्टर में 55 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने और 5 लाख रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। रोड शो के दौरान निवेशकों को इन नीतियों के तहत मिलने वाले प्रोत्साहन और निवेश को आसान बनाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

*************************************************************************